आईसीएमआर-क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान अनुसन्धान केंद, डिब्रूगढ़ में हिंदी सप्ताह १८-२४ सितंबर २०१९ के बीच मनाया गया। डॉ. ए. एम. खान वैज्ञानिक 'एफ' एवं सदस्य सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने सभा का संचालन किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ समीर कुमार झा, हिंदी, विभागाध्यक्ष, डिब्रू कॉलेज, डिब्रूगढ़ ने अपने व्याख्यान में हिंदी के प्रचार और प्रसार पर काफी विस्तार से प्रकाश डाला और सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ख़ास कर युवाओं को प्रोत्साहित किया। डॉ खान ने अपने सम्बोधन में सरल हिंदी भाषा को दफ्तर के कामकाज और रोजमर्रा के जीवन में अपनाने पर बल दिया।
कार्यक्रम में कविता पाठ, निबंध लेखन और अंताकक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी रहे प्रतिभागियों को पुरूस्कार वितरण किये गए।

डॉ खान ने सभा के अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए, मुख्य अतिथि, डॉ समीर कुमार झा और सभी उपस्थित देवियों और सज्जनों के प्रति आभार प्रकट करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट किया।